27

1B3N22062 (Pages : 2) Reg. No:......................

Name: ..........................

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

**Third Semester BA/B.Sc Degree Examination, November 2022**

**BHN3A09 – Poetry in Hindi**

(2019 Admission onwards)

Time: 2 ½ hours Max. Marks : 80

**PART A**

I निम्न लिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 है । आपको अधिकतम 25 अंक मिल सकते हैं ।

1 नागार्जुन के मत में प्रजातंत्र का रथ अब क्या कर रहा है ?

2 पुतली में संसार का रचनाकार कौन है और कविता की प्रतीकात्मकता क्या है ?

3 "जिनका कोई घर नहीं होता
उनकी होती है भला कौन-सी जगह ?"कवि और कविता कौन-सी है ?

4 कवि की राय में दलितों को क्या नहीं मिलता है ?

5 सुरसा हनुमान से क्या कहती है ?

6 संसार में केवल कबीरदास दुखी है, क्यों ?

7 विदेशी बीजों की विशेपता क्या है ?

8 बालक कृष्ण गवालिनी के संबन्ध में क्या कहता है ?

9 कृष्ण के द्वारा भेजे गये अगस्त्य के दो उजले कटावदार फूलों का मतलब क्या था ?

10 अशोक वृक्ष क्यों जन्मों से पुष्पहीन खड़े थे ?

11 'विप्रलब्धा' गीत में राधा की कौन-सी स्थिति है ?

12 मौसम में आम के पहले बौर की विशेपता क्या है ?

13 राधा कनु से कौन-सा महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है ?

14 पेड़ की राय में मिट्टी का महत्व क्या है ?

15 कबीरदास किस काल के कवि हैं और उनके गुरु कौन है ?

**(Ceiling: 25 Marks)**

## PART B

II निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 5 है । आपको अधिकतम 35 अंक मिल सकते हैं ।

16 "सात समुंद की मसी करूँ, लेखनि सब बनराई ।
सब धरती कागद करूँ, गुण लिखा न जाइ ।।" (सप्रसंग व्याख्या कीजिए)

17 यशोधरा की विरहजन्य पीड़ा का वर्णन कीजिए ।

18 'हम भी साझीदार थे' कविता में आभिव्यक्त मूल भाव क्या है ?

19 "शतियों से मैंने बस एक सीख पाई है :
जो मरण-धर्मा हैं वे ही जीवनदायी है ।"
'मैं ने कहा पेड़' कविता के आधार पर इसका भाव समझाइए ।

20 युध्द की अमंगल छाया ने राधा के मन को किस प्रकार प्रभावित किया ?

21 आम्र-बौर का प्रतीकात्मक अर्थ क्या-क्या हैं ?

22 समुद्र-स्वप्न में राधा कौन-सा स्वप्न देखती है ?

23 "भारत के खेतों पर छा जाने
दुबले एकल भारतीय बीजों को बहियाकर
आते हैं वे आक्रान्ता बीज टिड्डी दलों की तरह छाते आकाश.... "
(सप्रसंग व्याख्या कीजिए)

**(Ceiling: 35 Marks)**

## PART C

III निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 10 है

24 'मेरे अधिकार कहाँ है' कविता में दलित जीवन की दुस्थितियों का कौन-सा चित्रण किया गया है ?

25 'बेजगह' कविता का सारांश लिखकर वर्तमान समाज की स्त्री-चिंतन पर अपना विचार व्यक्त कीजिए ।

26 'कनुप्रिया' में चित्रित राधा के मन की संवेदनाओं का वर्णन कीजिए ।

27 'कनुप्रिया' के काव्य-सौंदर्य के द्वारा प्रणय की अलौकिक भावभूमि पर प्रकाश डालिए ।

**(2 x 10 = 20 Marks)**